हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 अक्टूबर 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 राजस्व मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी अधिकारियों...



08 आंगनबाड़ियों में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित



खबर संक्षेप

एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

सीहोर। कलेक्टर बालागूरू के., के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं अन्य कर्मचारियों के लिए कर्तव्य कर्मयोगी कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को कार्यस्थल पर कर्तव्यनिष्ठा, उत्तरदायित्व, कार्यप्रणाली, जनसेवा, व्यवहार कौशल तथा विभागीय दायित्वों के प्रभावी निर्वहन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, संवेदनशील, जनहितकारी बनाते हुए मैदानी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की कार्यक्षमता एवं उत्तरदायित्व की भावना को और सुदृढ़ करना रहा। प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी को अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया गया।

अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

सीहोर। सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत 2 से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे जनसेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिले में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। शिविरों में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कलेक्टर बालागुरु के., के निर्देशन में जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बटाया की स्वास्थ्य शिविरों में नागरिकों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप एवं मधुमेह परीक्षण सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

आधी रात को दहका मंडी चौराहा, जूते की थोक दुकान में भीषण आग

13 बार दौड़ीं दमकलें, 3 घंटे तक धधकती रहीं लपटें, लाखों का स्टॉक हुआ खाक

आगजनी की घटना से दुकानदारों और रहवासियों में अफरा-तफरी मच गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आधी रात जब पूरा शहर गहरी नींद में था, तब मंडी चौराहे पर अचानक उठी भीषण लपटों ने पूरे इलाके को दहला दिया। एनके एंटरप्राइजेज की दो मंजिला जूते-चप्पलों की थोक दुकान में लगी आग इतनी विकराल थी कि उस पर काबू पाने के लिए दमकलों को 13 बार पानी भरकर मौके पर आना पड़ा। लोहे के मजबूत शटर और अंदर भरे रबर-लेदर के भारी स्टॉक के बीच फायर ब्रिगेड ने करीब तीन घंटे तक मौत से जंग लड़ी, तब जाकर आग को आसपास की दुकानों में फैलने से रोका जा सका।

बंद शटर के अंदर धधकती रही आग

जानकारी के अनुसार दुकान संचालक नितिन साहू और शैलेंद्र शिवहरे बागेश्वर धाम दर्शन के लिए गए हुए थे। शटर बंद होने के कारण आग अंदर ही अंदर धधकती रही। सूचना पर फायर ब्रिगेड पहुंची तो लोहे के शटर के कारण आग बुझाने में भारी परेशानी हुई। फायरकर्मियों ने मशक्कत के बाद शटर तोड़ा और भीतर पहुंचकर अभियान शुरू किया। जूते-चप्पलों का भारी स्टॉक होने से आग बार-बार भड़क रही थी, पानी डालने के कुछ देर बाद लपटें फिर उठ जातीं। पानी खत्म होने पर टैंकर बुलाना पड़ा। नगर पालिका की दमकलों के साथ ही गेल इंडिया की इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल ने भी अभियान में सहयोग किया।

दहशत में आए पड़ोसी दुकानदार

रात करीब 1.30 बजे आग दुकान के पीछे और ऊपरी हिस्से तक पहुंच गई। इससे आसपास के दुकानदारों और रहवासियों में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोस की अग्रवाल हार्डवेयर दुकान के संचालक दीपक अग्रवाल ने एहतियातन रात में ही अपना पाइप और अन्य सामान बाहर निकलवा लिया। पास की बिल्डिंग में रहने वाले सतनारायण अग्रवाल के परिवार ने भी घर खाली करने की नौबत महसूस की।

लाखों के नुकसान की आशंका

घटना की सूचना पर सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा और मंडी थाना प्रभारी अर्चना चौहान मौके पर पहुंचीं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और वार्ड 23 के पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर भी घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि करीब एक सप्ताह पहले ही दुकान में बड़ी मात्रा में नया स्टॉक भरा गया था। आग में लाखों रुपये का माल जलकर खाक होने की आशंका है। आग लगने के वास्तविक कारण और नुकसान का सही आकलन जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

विधायक ने किया निरीक्षण बोले दिलाएंगे पीड़ित दुकानदार को मदद



गल्ला मंडी स्थित जूते चप्पल की दुकान में भीषण आग लग गई। शनिवार सुबह विधायक सुदेश राय ने मौके पर पहुंचकर दुकान का निरीक्षण किया। अग्नि पीड़ित दुकानदार श्लोक शिवहरे को विधायक सुदेश राय ने हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। घटना से माता मंदिर चौराहा स्थित बाजार में बीती रात अफरा तफरी मच गई। रात 11 बजे के दरमियान श्लोक शिवहरे की जूते चप्पल की दुकान से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। बताया जाता है की दुकान में आग लगने से लगभग 6 लाख रुपए के जूते चप्पल और फर्नीचर जलकर खाक हो गया हैं। विधायक सुदेश राय ने घटना पर दुख जताते हुए शासन प्रशासन और बीमा कंपनी से आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सीताराम यादव मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सुशील ताम्रकार, क्षेत्रीय नागरिक मनीष तिवारी जयंत शाह वरुण गौर नीरज साहू दीपक अग्रवाल मौजूद रहे।



सीवेज लाइन के लिए नई सड़क खोदने का कांग्रेस ने किया विरोध

आईटीसी से इंदौर नाके तक की सड़क खोदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आईटीसी से इंदौर नाके तक बनी सीसी सड़क को सीवेज लाइन डालने के लिए खोदा जा रहा है। जबकि सड़क के किनारे आगे लगभग 8 से 10 फीट तक पर्याप्त जगह उपलब्ध है, जहां से सीवेज लाइन डाली जा सकती है।सवाल यह है कि आखिर ऐसा कैसा विकास, जिसमें अच्छी-खासी सड़क को तोड़ा जाए और बाद में उसी सड़क की मरम्मत के नाम पर लीपापोती की जाए? कांग्रेस पार्टी इस तरीके का विरोध करती है। हमारी शासन-प्रशासन, जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से स्पष्ट मांग है कि इस सड़क को तोड़ने से बचाया जाए और सीवेज लाइन के लिए सड़क के किनारे उपलब्ध जगह अथवा फुटपाथ की ओर से वैकल्पिक रास्ता अपनाया जाए।पाइपलाइन को थोड़ी आगे से निकालकर भी सीवेज लाइन बिछाई जा सकती है।

इससे सीवेज लाइन का काम भी पूरा होगा और करोड़ों रुपये से बनी सड़क भी सुरक्षित रहेगी। विकास का मतलब यह नहीं है कि जनता के पैसों से बनी अच्छी सड़क को बार-बार खोद दिया जाए। नगर में विकास ऐसा होना चाहिए जिसमें जनता के पैसे की बचत हो, सार्वजनिक संपत्ति सुरक्षित रहे और काम की गुणवत्ता एवं दूरदर्शिता दिखाई दे। कांग्रेस की मांग है कि संबंधित अधिकारी मौके का निरीक्षण कर सड़क तोड़ने के बजाय वैकल्पिक मार्ग से सीवेज लाइन डालने की व्यवस्था करें।

मोहन पाराशर वेटलिफ्टिंग वर्ल्ड कप में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर कई बार देश के लिए स्वर्ण पदक जीत चुके मोहन पाराशर अब एक बार फिर तिरंगा लहराने की तैयारी में हैं। वे आगामी 4 से 6 दिसंबर तक मलेशिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्ल्ड कप के लिए उनका चयन 65 से 69 आयु वर्ग तथा 85 किलोग्राम बॉडी वेट कैटेगरी में हुआ है। प्रतियोगिता को लेकर उन्होंने तैयारियां शुरू कर दी हैं और उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए पदक हासिल करना है। भारत की ओर से वर्ल्ड कप के लिए छह वेटलिफ्टरों के साथ एक मैनेजर का चयन किया गया है। मोहन पाराशर का खेल सफर उपलब्धियों से भरा हुआ है। उन्होंने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और छह बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा पांच बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप में वे तीन स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उनके नाम कॉमनवेल्थ प्रतियोगिताओं में दो स्वर्ण पदक, एशियन चैंपियनशिप में एक स्वर्ण पदक भी दर्ज है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके लगातार शानदार प्रदर्शन ने न केवल उन्हें पहचान दिलाई, बल्कि सीहोर जिले को भी वेटलिफ्टिंग के क्षेत्र में गौरवान्वित किया है। मोहन पाराशर के खेल जीवन की उल्लेखनीय उपलब्धियों में ग्रीस में आयोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है। उन्होंने वहां 148 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। यह प्रदर्शन उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में गिना जाता है।

सीहोर आएंगी उतरन की तपस्या ठाकुर, नागिन फेम, बिग बॉस फाइनलिस्ट सेलिब्रेटी रश्मि देसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



क्रिसेंट गरबा महोत्सव के लिए फिल्म टेलीविजन सेलिब्रिटी फिक्स हो गई है। अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच ने अभिनेत्री रश्मि देसाई को इनवाइट किया है। कालर्स चैनल के उतरन एपिसोट की तपस्या ठाकुर और नागिन एपिसोड में नागिन का बेहतरीन लोकप्रिय किरदार रश्मि देसाई ने निभाया है। वर्ल्ड फेमस बिग बॉस शो में भी एक्टर रश्मि देसाई फाइन लिस्ट में रही है। मशहूर टेलीविजन फिल्म अभिनेत्री रश्मि देसाई सीहोर पहुंच कर गरबा डांस सीख रही महिलाओं और बालिकाओं को मोटिवेट करेंगी। प्रतिभा निखार मंच की संयोजक समाजसेविका श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि क्रिसेंट गरबा महोत्सव में आ रही सेलिब्रिटी रश्मि देसाई प्रसिद्ध भारतीय टेलीविजन और फिल्म अभिनेत्री हैं। वह नागाँव, असम की रहने वाली है। उन्हें कलर्स टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'उतरन' में 'तपस्या ठाकुर' के किरदार से घर-घर में जबरदस्त पहचान मिली है। धारावाहिक दिल से दिल तक और 'नागिन 4' व 'नागिन 5' जैसे बड़े टेलीविज़न शो में भी रश्मि देसाई ने अभिनय किया है। वह चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 13 की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। रश्मि देसाई के अनेक नए प्रोजेक्ट्स अभी चल रहे हैं। उन्होंने मुश्किल से क्रिसेंट गरबा महोत्सव के लिए अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकाला है। क्रिसेंट गरबा महोत्सव के आयोजक विधायक सुदेश राय और समाजसेवीका श्रीमती अरुणा राय ने आवासीय खेलकूद विद्यालय के मल्टीपरपज हाल मैदान पर गरबा सीखने आ रही महिलाओं और बालिकाओं की मांग पर सेलिब्रिटी अभिनेत्री रश्मि देसाई कार्यक्रम के लिए सिलेक्ट किया है। सेलिब्रिटी रश्मि देसाई सीहोर की महिलाओं और बालिकाओं के साथ सामूहिक रूप से होने वाले गरबा नृत्य में भी हिस्सा लेंगी। आगामी 16 अक्टूबर को आवासीय खेलकूद मैदान पर होने वाले सामूहिक गरबा के फाइनल राउंड और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में रश्मि देसाई शामिल रहेंगी।



सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 25 तक आवेदन

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं बेस्ट जिला पुरस्कार'' हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार एवं उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर 10 हजार रुपये प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

शादी हॉल के साथ मैरिज गार्डन में कमर्शियल गैस का उपयोग होगा जरूरी, घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर विभाग करेगा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के शादी हॉल, मैरिज गार्डन, लॉन एवं कैटरिंग सेवाओं में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के पत्र के संदर्भ में जारी निर्देशों के तहत सभी व्यावसायिक आयोजनों में केवल कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग सुनिश्चित करने तथा संबंधित परिसरों में स्पष्ट रूप से जागरूकता बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं।बोर्ड पर लिखा जाएगा—"यहां सिर्फ व्यावसायिक गैस सिलेंडर ही इस्तेमाल होंगे। घरेलू गैस सिलेंडर इस्तेमाल करना कानून के तहत अपराध है।"प्रशासन ने गैस एजेंसियों को निर्देशित किया है कि शादी हॉल, मैरिज गार्डन, लॉन एवं कैटरिंग संचालकों को केवल कमर्शियल सिलेंडर ही उपलब्ध कराए जाएं। औचक निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शिकारपुर में सेवा पखवाड़ा के तहत पोषण अभियान आयोजित

बच्चों को वितरित किए चिया सीड्स, गुड़ और चने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



माय भारत केंद्र सीहोर द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शिकारपुर में पोषण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को चिया सीड्स, गुड़ एवं चने का वितरण किया गया तथा इनके पोषण संबंधी लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम माय भारत केंद्र की जिला युवा अधिकारी प्रशंका जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। माय भारत स्वयंसेवक पूजा सेन ने उपस्थित बच्चों एवं ग्रामीणजनों को चिया सीड्स, गुड़ एवं चने के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी फायदे बताए। साथ ही बच्चों एवं माताओं के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच सचिन पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता सेन, सचिव जयपाल विश्वकर्मा ,नरेश पटेल ,सचिन वर्मा सहित अनेक गर्भवती एवं धात्री महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पूजा सेन द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया गया।

वार्ड पांच की आंगनवाड़ी में पोषण पखवाड़ा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



वार्ड 5 के केन्द्र 8 राजा बाग में पौषण पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में वार्ड की महिलाओं, बच्चों व हितग्राहियों को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर नगर मंडल उपाध्यक्ष, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लखन चौरसिया लखन चौरसिया उपस्थित रहे। लाडली लक्ष्मी योजना के हितग्राही को पीएमएमवीवाय योजना, आयुष्मान योजना आदि के हितग्राहियों को बुलवाकर श्री चौरसिया द्वारा पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आयोजन में योजनाओं के लाभों के बारे में बताया गया। इस आयोजन में केन्द्र की कार्यकर्ता हेमा उपाध्याय, प्रेमबाला शर्मा, सहायिका आरती मेवाड़ा, पार्वती गहलोत, लाभार्थी पूजा जाट, लाड़ली बहना हितग्राही आरती, पीएमपीबीवाय लाभार्थी पूजा सहरिया के साथ ही अन्य हितग्राही भी उपस्थित हुये। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री गर्भावस्था योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, आदि जो प्रदेश के मुख्यमंत्री के माध्यम से संचालित हो रही है। इन योजनाओं के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं ने उपस्थित होकर उत्साह पूर्वक भाग लिया। केन्द्र पर हितग्राही पूजा सेहरिया गर्भवती की गोद भराई की गयी। जिसमें गर्भवती को सामग्री भेंट की गयी। लखन चौरसिया द्वारा कार्यक्रम में योजनाओं के लाभ के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में बीमा सलाहकार दिनेश उपाध्याय का सहयोग भी अग्रणीय रहा।

खबर संक्षेप

ग्राम दिवड़िया में ग्रामीणों की समस्याएं

सीहोर। इछावर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दिवड़िया में आयोजित 'सेवा मेरा योगदान, सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने ग्राम दिवड़िया के भारत माता चौक पर साफ-सफाई कर श्रमदान किया। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ और सुंदर गांव के निर्माण में सहभागिता का आह्वान किया। राजस्व मंत्री वर्मा ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान तथा सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का उनके गांव में ही समाधान सुनिश्चित करना है। इस दौरान राजस्व मंत्री वर्मा ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने तथा ग्रामवासियों से शासन की योजनाओं की जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाने का आग्रह किया।

वार्ड क्रमांक-16 में सागर बाई निर्वाचित

सीहोर। भैरूंदा जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड क्रमांक-16 के रिक्त सदस्य पद के लिए हुए मतदान के बाद आज मतगणना संपन्न हुई। मतगणना में सागर बाई को सर्वाधिक 2391 मत प्राप्त हुए। अंजली यादव को 1215 मत तथा मनीषा को 317 मत प्राप्त हुए। वहीं नोटा के पक्ष में 50 मत प्राप्त हुए। मतगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी एवं भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा ने निर्वाचन परिणाम की घोषणा की। उन्होंने सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली सागर बाई को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

थूना में मुख्यमंत्री जन-विश्वास व सेवा संकल्प अभियान के तहत लगा शिविर

राजस्व मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

शिविर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने आम नागरिकों से की वन-टू-वन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विकासखंड के ग्राम थूना में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान तथा सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने आम नागरिकों से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नागरिकों के कल्याण एवं विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विकास के लिए भी विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को पूरी गंभीरता से सुनें और उसके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। शासकीय सेवक जनता की सेवा के लिए हैं, इसलिए उन्हें अपने दायित्वों का पूरी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें। इस अवसर पर पौधा रोपण भी किया गया। शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कलेक्टर बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, डीएफओ अर्चना पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस शिविर के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ तथा नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी के साथ उनके लाभ प्राप्त करने का अवसर मिला।

वन-टू-वन चर्चा कर सुनी समस्याएं

शिविर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को विस्तार से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से समस्या के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान केवल आवेदन लेने तक सीमित न रहे, बल्कि संबंधित विभाग समस्या के निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने भी शिविर में उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने भी नागरिकों से चर्चा कर पुलिस से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली।

निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने शिविर परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से हितग्राहीमूलक योजनाओं, पात्रता तथा अब तक लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में आम नागरिकों तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र व्यक्ति स्वयं आगे आकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामवासियों को अपने-अपने विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कौन-कौन से व्यक्ति योजनाओं के लिए पात्र हैं, योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज क्या हैं तथा आवेदन की प्रक्रिया क्या है। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

शिविर में हितग्राहियों को किया लाभान्वित

शिविर के दौरान राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया। विभागीय अधिकारियों द्वारा पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की गई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को शासन की योजनाओं और सेवाओं से सीधे जोड़ना तथा उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना रहा।

मौके पर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर विभागीय समस्याओं और योजनाओं से संबंधित उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। नागरिकों से प्राप्त आवेदनों और शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग स्तर से आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिविर में पंकज गुप्ता, राम स्वरूप मेवाड़, सुरेंद्र मेवाड़ा, सरपंच रामकली, सूरसिंह बारेला, प्रीतम सिंह मेवाड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

नरेंद्र नगर में बिजली संकट से परेशान क्षेत्रवासी

रहवासी विद्युत कंपनी का करेंगे घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के रेलवे स्टेशन के समीप प्रसिद्ध स्वामी नारायण मंदिर क्षेत्र स्थित नरेन्द्र नगर कॉलोनी के रहवासी पिछले कई वर्षों से बिजली संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विद्युत समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

आलम यह है कि कॉलोनी में प्रतिदिन कई घंटे बिजली गुल रहने के साथ ही लो-वोल्टेज और अचानक वोल्टेज कम-ज्यादा होने की समस्या बनी रहती है। इससे घरों में लगे टीवी, फ्रिज सहित अन्य विद्युत उपकरणों के खराब होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार, इस संबंध में शहर के जनप्रतिनिधियों से लेकर विद्युत कंपनी के अधिकारियों तक कई बार शिकायत की जा चुकी है। समाधान शिविर के दौरान भी विद्युत कंपनी के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया था। रहवासियों का कहना है कि करीब 15 से 20 वर्ष पहले कॉलोनी में एक डीपी स्थापित की गई थी।

उस समय क्षेत्र में महज 10 के आसपास घर थे, लेकिन वर्तमान में नरेन्द्र नगर सहित आसपास की कॉलोनियों में 150 से अधिक घर हो गए हैं। बढ़ती आबादी के साथ बिजली का भार भी लगातार बढ़ा है, लेकिन विद्युत व्यवस्था में आवश्यक विस्तार नहीं किया गया है। नरेन्द्र नगर और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत पोलों पर फैले तारों के जाल को लेकर भी रहवासियों ने चिंता जताई है।

उनका कहना है कि कई स्थानों पर तार व्यवस्थित नहीं हैं और झूलते तार हादसे को न्योता दे रहे हैं। ऐसे में बारिश, तेज हवा या अन्य परिस्थितियों में किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत कंपनी से मांग की है कि बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, बढ़ते विद्युत भार और झूलते तारों की समस्या का एक साथ निराकरण किया जाए। उनका कहना है कि यदि सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी एकजुट होकर विद्युत कंपनी के कार्यालय का घेराव करेंगे और अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे।

रहवासियों का कहना है कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर उन्हें वर्षों से परेशानी उठानी पड़ रही है। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज और छोटे व्यवसाय भी बार-बार बिजली बंद होने से प्रभावित होते हैं। ऐसे में केवल अस्थायी सुधार के बजाय क्षेत्र की वर्तमान आवश्यकता के अनुसार विद्युत व्यवस्था को अपग्रेड किया जाना जरूरी है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कराकर अधिक क्षमता वाली डीपी, पर्याप्त विद्युत लाइन और व्यवस्थित पोल-तारों की व्यवस्था किए जाने की मांग की है, ताकि नरेन्द्र नगर सहित आसपास के रहवासियों को लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

आगजनी की सूचना मिलते ही देर रात मौके पर पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष, अमले के साथ आग बुझाने में किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



माता मंदिर मंडी क्षेत्र स्थित जूते-चप्पलों की दुकान एनके एंटरप्राइजेज में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये का माल आग की चपेट में आ गया।घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका का दमकल अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आग की भयावहता को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी देर रात मौके पर पहुंचे। रात का समय होने के बावजूद अध्यक्ष के घटनास्थल पर पहुंचने और राहत एवं बचाव कार्य में दमकल कर्मचारियों के साथ सहयोग करने से स्थानीय लोगों में सकारात्मक संदेश देखने को मिला। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा दमकल कर्मचारियों से आग पर नियंत्रण को लेकर जानकारी ली। उन्होंने आग को जल्द से जल्द नियंत्रित करने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लोगों का कहना था कि आमतौर पर ऐसी घटनाएं देर रात होने पर राहत कार्य में समय लग सकता है, लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं मौके पर पहुंचकर दमकल अमले के साथ खड़े रहे और आग बुझाने में सहयोग किया।नगर पालिका की दमकल टीम के प्रयासों से काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया गया। आगजनी की इस घटना से दुकान संचालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल भी बना रहा।नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर में किसी भी आपात स्थिति में नगर पालिका का अमला पूरी तत्परता के साथ नागरिकों की सहायता के लिए तैयार है। सूचना मिलते ही दमकल टीम को तत्काल रवाना किया गया और स्वयं भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। पीड़ित दुकानदार को हुए नुकसान को लेकर उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में वीर गाथा 6.0 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय में वीर गाथा 6.0 के अंतर्गत विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं वीरता के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने कविता लेखन, निबंध/अनुच्छेद लेखन, चित्रकला एवं ड्राइंग, मल्टीमीडिया प्रस्तुति तथा शॉर्ट वीडियो जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राएं सिमरन एवं अंजलि ने अपने शिक्षक अमित दुबे व ओमेश्वरी के मार्ग दर्शन मे परमवीर चक्र एवं अन्य वीरता पुरस्कार प्राप्त वीर योद्धाओं के साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा से प्रेरणा लेते हुए अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ प्रस्तुत कीं।इस अवसर पर छात्राओं को वीरता पुरस्कार विजेताओं के जीवन, उनके अदम्य साहस एवं देश के प्रति समर्पण से परिचित कराया गया।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीत गाबा ने विद्यार्थियों को बताया कि वीर गाथा जैसे कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति, नागरिक कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने छात्राओं की सहभागिता की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। आज के इस कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अमित दुबे द्वारा किया गया।

दामोदर जूना गुजराती समाज की नवीन कार्यकारिणी का किया सम्मान



सीहोर। दामोदर जूना गुजराती समाज की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें देवेन्द्र माहेश्वरी को समाज का अध्यक्ष, तिलकराम सिसोदिया को उपाध्यक्ष, राजू मकरैया को कोषाध्यक्ष तथा नितेश चौहान को सचिव चुना गया। नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के चयन के उपलक्ष्य में सौरभ मकरैया के निवास पर स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों एवं समाजबंधुओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाज के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, प्रमोद मकरैया, राजू चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने नवीन कार्यकारिणी से समाज की एकजुटता, सामाजिक सहभागिता और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर सौरभ मकरैया ने कहा कि यदि समाज को हिंदुत्व के विचारों से जोड़ना है, तो इसकी शुरुआत सबसे पहले अपने घर और परिवार से करनी होगी। उन्होंने कहा कि परिवार में संस्कार, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने से ही समाज में सकारात्मक विचारों का विस्तार किया जा सकता है।

कई कुत्तों को मुंह और पैर बांध कर खेत ले जाकर डंडो से पीटा, डॉग लवर्स ने की आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बढ़िया खेड़ी इंडस्ट्रीज एरिया में आवारा घूमने वाले कई कुत्तों को एक कंपनी के कर्मचारियों ने शुक्रवार को मार मार कर अधमरा कर दिया। घटना के बाद कई डॉग लवर्स ने आरोपी लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बढ़िया खेड़ी इंडस्ट्रीज एरिया की इस कंपनी के कर्मचारी कई कुत्तों के मुंह और पैर बांधकर बिलकिसगंज भोपाल हाईवे स्थित चंदेरी गांव की सीमा तक कार में पटक कर लेकर आ गए। सड़क के पास चंदेरी बरखेड़ी के बीच में खेत में हो रहे कुत्तों पर अत्याचार को अनेक लोगों ने रोकने की कोशिश की लेकिन बढ़िया खेड़ी इंडस्ट्रीज एरिया कि इस कंपनी के कर्मचारी रुके नहीं और उन्होंने कुत्तों को डंडों से काफी देर तक पीटा। अनेक लोगों ने कुत्तों की पिटाई के वीडियो भी बनाएं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाल दिए। कुत्तों पर इस प्रकार अत्याचार करने पर अनेक पशु प्रेमी नागरिकों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़िया खेड़ी इंडस्ट्रीज एरिया की कुत्ता मार कंपनी कर्मचारियों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में किसको आरोपी बनती है।

विधायक ने निर्माणधीन दूल्हा बादशाह, बकरी पुल का किया निरीक्षण

नया बनेगा जमशेदनगर-दीवानबाग का क्षतिग्रस्त पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दूल्हा बादशाह पुल,बकरी पुल और जमशेद नगर स्थित क्षतिग्रस्त पुल के पास शनिवार को हलचल का माहौल बना रहा। आम नागरिक की तरह विधायक सुदेश राय एक्टिवा बाइक पर सवार होकर निर्माण अधीन कार्य के निरीक्षण के लिए निकल पड़े। विधायक राय के निर्माणधीन स्थलों पर इस तरह पहुंचने की सूचना मिलते ही पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। विधायक सुदेश राय जमशेद नगर और दीवान बाग के बीच में नाले पर मौजूद टूटे हुए रपटे पर पहुंचे यहां पर उन्होंने स्थानीय पार्षद को भी बुलाया और नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह को भी तत्काल क्षतिग्रस्त पुल को ठीक करने के निर्देश दिए। इसके बाद विधायक श्री राय बकरी पल पहुंचे यहां पर पीडब्ल्यूडी सेतु निगम के द्वारा पुल का निर्माण किया जा रहा है। नदी में पानी आने के कारण काम रुक गया है। विधायक सुदेश राय आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नागरिकों के हित में नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह को पानी रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने दूल्हा बादशाह पर भी पुल निर्माण का काम जल्दी शुरू करने के निर्देश संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारी को दिए। विधायक सुदेश राय का एक्टिवा बाइक से इस प्रकार निकलना शहर में चर्चा का विषय भी बना रहा।

18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश

सीहोर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा छूटे हुए मतदाता अथवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने एनआईसी कक्ष से सहभागिता की। कलेक्टर बालागुरु के. ने जिले के सभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं से अपील की है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि पात्र युवा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की कार्रवाई करें, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

मैरिज गार्डन के रास्ते के लिए किया अतिक्रमण, कब्रिस्तान ग्राउंड के पास का मामला

नपाध्यक्ष ने खड़े रहकर हटवाया बेजा कब्जा दो घंटे चलती रही अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय के पुरा क्षेत्र में कब्रिस्तान ग्राउण्ड के समीप रिक्त पड़ी सरकारी जमीन पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। नगर पालिका अमले को सूचना मिलने पर अतिक्रमण विरोधी दस्ता जेसीबी, टैक्टर सहित अन्य मशीनरी लेकर पहुंचा और सख्ती के साथ कब्जे को हटाने की कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार पुरा क्षेत्र में कलेक्टर बंगले के समीप स्थित नाले के पास की अधिकांश जमीन सरकारी है। इसी जमीन पर मुख्य मार्ग के किनारे बड़े-बड़े पाईप रखते हुए नाले से रास्ता निकालने की कोशिश की जा रही थी। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू को सूचना मिलने पर शुक्रवार अपरान्ह वे एवं पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा। यहां स्थान चिन्हित करने के बाद कब्जा हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। इस दौरान किसी तरह का विवाद न हो इसके लिए एडिशनल एसपी केएल बंजारे, कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया भी दल-बल के साथ पहुंचे और सामने रहकर अतिक्रमण को हटवाया जाने लगा। इस दौरान मौके पर अनेकों लोगों का हुजूम भी एकत्रित हो गया।

निजी गार्डन के लिए निकाल रहे थे रास्ता

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि नाले के समीप एक मेरिज गार्डन है। इस गार्डन के लिए मुख्य मार्ग से रास्ता देने बड़े-बड़े पाईप रखकर सरकारी भूभाग से रास्ता देने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बेजा कब्जे का हटाने का कार्य शुक्रवार को किया गया है।

डूबक्षेत्र में बनाया है यह मेरिज गार्डन

नपाध्यक्ष साहू के अनुसार उक्त गार्डन का निर्माण भी डूबक्षेत्र की जमीन पर किया गया है। ऐसे में बगैर अनुमति किए गए गार्डन को तोड़ने की कार्यवाही भी आगामी दिनों में करवाई जाएगी। इसके लिए जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, सांसद रोड़मल नागर, क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव के संज्ञान में यह मामला डाला जा रहा है ताकि डूबक्षेत्र के निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सके।

शुरू में विवाद के हालात भी हुए निर्मित

उक्त कार्रवाई शुरू होने पर कुछ लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया। हालांकि, अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने किसी की एक न सुनी और कार्यवाही अनवरत रूप से चालू रखी गई। इस कार्यवाही में व्यवधान बनने वाले दो लोगों को भी पुलिस अपने साथ थाने ले गई।

एडिशनल एसपी सहित सुरक्षा अमला पहुंचा

इस कब्जे को हटाने की जानकारी मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। टीआई मंजू मखेनिया सहित सुरक्षा अमला मौके पर तैनात रहा ताकि किसी तरह के विवाद की स्थिति न बनने पाए।

गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

न्यायालय में रंगोली-चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और संस्थागत संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांधी चैक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत गांधी चैक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मंत्री गौतम टेटवाल की मौजूदगी रही। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम जय सोलंकी, सीएमओ दीपक रानवे सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने महात्मा गांधी के स्वच्छता और सेवा के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छ,स्वस्थ और हरित सारंगपुर के निर्माण का संकल्प दिलाया।

न्यायालय परिसर में भी मनाई जंयती

वहीं न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार आपटे के मार्गदर्शन में गांधी जयंती पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुलराज भलावी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड आकांक्षा कत्याल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड शिवानी सैनी तथा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड अश्विनी गहलोत की मौजूदगी में रंगोली, चित्रकला और फैंसी ड्रेस सहित कार्यक्रम हुए। इसमें न्यायालय के अधिवक्ताओं ने भी सहभागिता की।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

इधर कांग्रेस शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सदानी, पार्षद शमीर मेव, शोएब हसन राही, हाफिज मेव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नगर विकास प्रस्फुटन समिति की ओर से शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर सेवा का संदेश दिया गया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,महामंत्री कमल राठौर,पार्षद राकेश पुष्पद,जाकिर सैफी,मनोज पुष्पद सहित अन्य मौजूद थे।

स्मार्ट मीटर के बकाया कनेक्शनों की जांच, अवैध बिजली के बन रहे प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में बकाया बिजली बिल के कारण बंद किए गए स्मार्ट मीटर वाले कनेक्शनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें स्मार्ट मीटर से बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा अलग से डोरी या तार डालकर बिजली का उपयोग किया जा रहा है। विद्युत विभाग की टीम द्वारा मौके पर जांच कर ऐसे मामलों में नियमानुसार प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार, बकाया राशि के कारण बंद कनेक्शन पर बिना अधिकृत अनुमति के वैकल्पिक तार या डोरी के माध्यम से बिजली का उपयोग करना नियम विरुद्ध है। ऐसे मामलों में नियमानुसार आर्थिक दंड के साथ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने संबंधित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बकाया बिजली बिल की राशि जमा कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत कनेक्शन पुनः चालू करवाएं। बिजली का उपयोग केवल अधिकृत स्मार्ट मीटर के माध्यम से ही करें। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत बिजली उपयोग पर रोक लगाने, राजस्व वसूली और विद्युत व्यवस्था की सुरक्षा के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

कर्मचारियों व नागरिक ने गांधी जयंती पर चलाया सफाई अभियान

इनकम टैक्स अफसर ने किया श्रमदान, नदी किनारे पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में हालिया पदस्थ हुए जिला आयकर अधिकारी, महकमे के कर्मचारियों एवं नागरिकगणों द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर नेवज नदी के शिवघाट पर श्रमदान आयोजित किया गया। इस दौरान जिला इनकम टैक्स अधिकारी अरुण मीणा ने स्वयं हाथों में गेती, तगारी फावड़े उठाकर नदी के आसपास उगी कंटीली झाड़ियों को साफ करवाते हुए नदी के कचरे को भी बाहर निकाला। राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत यह आयोजन रखवाया गया था ताकि पर्यावरण को सहेजा जा सके। यह अभियान सिर्फ एक दिन तक ही सीमित नहीं है बल्कि पूर्व में भी विभाग द्वारा श्रमदान करवाया गया था। प्रधान आयकर आयुक्त-1 इंदौर प्रवीण रावल के नेतृत्व एवं संयुक्त आयकर आयुक्त उज्जैन बी.एल. गट्टानी के निर्देशों पर यह आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नदियों की सफाई रहा इसके साथ ही उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।



अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चला गांधी जयंती मनाई



कुरावर। स्वच्छता अभियान के तहत कुरावर के अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में श्रमदान एवं साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के स्टाफ, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण भी किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इसके बाद अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि बालप्रसाद चंदवशी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व और नगर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी पर विचार व्यक्त किए।अभियान के तहत खेडापति हनुमान मंदिर परिसर में भी झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 11 की नाली की भी सफाई की गई।कार्यक्रम में सीएमओ समंदर सिंह चैहान, मंडलाध्यक्ष दिनेश मंडलोई, एल्डरमेन प्रतिनिधि धीरज भावसार, कैलाश राज, सुदर्शन चैधरी, आचार्य सुरेश चंद्रवंशी, अनोखी लाल कोटिया सहित नगर परिषद का स्टाफ, अन्य जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वच्छ एवं सुंदर कुरावर के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लिया।

गांधी जयंती पर अतिथि शिक्षकों ने नियमितीकरण सहित अन्य मांगे रखीं



राजगढ़। शिक्षा विभाग में नियमितीकरण सहित अपनी अन्य मांगों के लिए अतिथि शिक्षकों द्वारा शुक्रवार को मुख्यालय पर ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला अतिथि संघ पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंची और अधिकारियों को अपनी मांगों से अवगत कराया। संगठन के प्रातीय एवं जिला पदाधिकारी हेमंत शर्मा, सतेंद्र नागर, राजेश बैरागी, रामचंद्र, सौरभ शर्मा, मांगीलाल तंवर, राजेश, रामप्रताप, प्रहलाद रुहेला, जगदीश जोशी, श्रीलाल पंवार, अमजद खान, अर्जुन राठौर ने बताया कि हमारे द्वारा 18 सालों से लगातार शासन, प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है। इसके बाद भी उनकी प्रमुख मांगों की तरफ आज तक विचार नहीं किया गया। ऐसे में गांधी जयंती पर पुनः मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। अगर आगामी दिनों में शासन ने कोई पहल नही की तो आगामी दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा।

एसबीआई ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर किया वरिष्ठजनों का सम्मान



जीरापुर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा जीरापुर द्वारा स्थानीय होटल नक्षत्र में वरिष्ठजनों का सम्मान गरिमामय समारोह रखकर किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पेंशनर संघ महिला शाखा अध्यक्ष ज्योत्सना दांगी, आशा चैरसिया एवं पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद, हरीश भावसार रहे। भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक जीवन अशवानी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत आगर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री गणेश वंदना एवं भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से हुई।इस अवसर पर बैंक के ब्रांच मैनेजर जीवन अशवानी एवं स्टाफ द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों और वरिष्ठजनों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान और समाज में उनके अनुभवों के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक से हितेश नायक, हरीसिंह मीना , सोम्या , सोनिया , मोह हसीना, देवेन्द्र शर्मा स्टाफ सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में वृद्धों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



शिवाशिव भवन में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर ब्रह्माकुमारी सेवा आश्रम से जुड़े वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी, संगीता दीदी ने अतिथियों का तिलक , मुकुट ,पुष्प , पट्टे के साथ वृद्धजनों का ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर रिटायर्ड प्रोफेसर, राधावल्लभ गुप्ता , रमेश वर्मा , सुशीला देवी मंडलोई , फूल बहन गुप्ता ,लीला भावसार, शकुंतला भावसार, मांगीलाल बरेठा ,सुशीला बहन बरेठा, चुन्नीलाल कुशवाहा आदि का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीरापुर सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का वह पड़ाव है, जिसमें व्यक्ति के पास वर्षों का अनुभव, ज्ञान और जीवन के उतार-चढ़ाव से प्राप्त अनेक सीखों का खजाना होता है। बुजुर्ग परिवार की ऐसी धरोहर हैं, जिनके अनुभव नई पीढ़ी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।दीदी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम भौतिक सुविधाओं को तो महत्व देते हैं, लेकिन कई बार अपने घर के वरिष्ठ सदस्यों को समय देना भूल जाते हैं। वृद्धजनों को सबसे अधिक आवश्यकता सम्मान, अपनत्व, प्रेम और अपनेपन की होती है। उनके साथ कुछ समय बैठकर बातचीत करना, उनकी बातों को ध्यान से सुनना और उनके अनुभवों का सम्मान करना भी उनके लिए बहुत बड़ी खुशी का कारण बन सकता है।

सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया, पौधारोपण भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर



नगर परिषद खुजनेर में 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमर सिंह यादव की उपस्थिति में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद न्यू सम्पवेल के पास सफाई अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया।कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को पुष्पमाला एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट भी प्रदान की गई। उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंकज शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, पार्षद लोकेंद्र यादव, मुकेश यादव, रामचरण यादव, प्रेम राजपूत, एल्डरमैन अरविंद, राधेश्याम सहित कई गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद का स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

33 केवी फीडरों के मेंटेनेंस के चलते 5 व 6 को बिजली आपूर्ति रहेगी बंद



सारंगपुर। विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी पनवाड़ी एवं 33 केवी सारंगपुर फीडर के मेंटेनेंस कार्य के चलते संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग के एई विद्यासागर सिंह ने बताया कि 5 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 33 केवी पनवाड़ी फीडर बंद रहेगा। इसके चलते राधानगर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी बालोड़ी घरेलू, राधानगर पंप एवं तरलाखेड़ी फीडर से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसी तरह 6 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 33 केवी सारंगपुर फीडर का शटडाउन रहेगा। इस दौरान सारंगपुर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी गोपालपुरा पंप एवं काछीखेड़ी फीडर से जुड़े सभी गांवों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य की स्थिति के अनुसार शटडाउन की अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया कार्यक्रम

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मित्रों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका कार्यालय सारंगपुर में समाजसेवा, स्वच्छता एवं जनहित के कार्यों में योगदान देने वाले सेवा मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल पार्षद गोपाल पाल, कुलदीप राठौर, अमित गिरजे, राकेश पुष्पद एवं बाबूलाल अहिरवार तथा एल्डरमैन राधेश्याम माहेश्वरी, अनिल बारकिया, दिनेश सिसोदिया एवं दिनेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं स्वच्छता मित्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि समाजसेवा, स्वच्छता एवं जनहित के कार्यों में निरंतर योगदान देने वाले सेवा मित्रों का सम्मान गौरव का विषय है। उनके समर्पण, मेहनत और सेवाभाव से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को एल्डरमैन दिनेश सिसोदिया एवं दिनेश शर्मा तथा स्वच्छता सभापति अमित गिरजे ने भी संबोधित किया। उन्होंने सेवा मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए नगर के विकास में जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर ने किया। राजस्व प्रभारी राजकुमार गिरजे ने आभार व्यक्त किया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान



कुरावर। सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम नगर परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर दिव्या तिर्की के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सेवाओं, बच्चों एवं महिलाओं से जुड़ी योजनाओं तथा जनजागरूकता को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि बालप्रसाद चंद्रवंशी, पार्षद राजेश चंद्रवंशी, पार्षद बद्री कुशवाह, महिला मोर्चा से सरिता शर्मा, मधु शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान में आंगन मिलन कार्यक्रम

छोटे तालाब के घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

सेवा संकल्प अभियान के तहत आज सराय स्कूल स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पर उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों से संवाद कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली गई।कार्यक्रम के साथ ही छोटे तालाब के घाट पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने घाट परिसर की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम सक्सेना, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह, एसडीएम पटेल, परियोजना अधिकारी विनीता शर्मा, भरत झंवर, भगवान दास साहू, रमेश मालवीय, राजू जड़िया, शिव वैद्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवा, स्वच्छता और जनभागीदारी के माध्यम से समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

खबर संक्षेप

आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम



आष्टा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी वार्ड क्रमांक 16/4, आष्टा में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मातृ सहयोगीनी समिति की अध्यक्ष एडवोकेट अनीता यादव रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर विशेष ध्यान केसे दिया जाय बताया। बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापी गई तथा अभिभावकों को पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों के लिए आनंदमयी गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। खेल, गीत, कहानी, चित्रकारी एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने और आनंद लेने का अवसर मिला। मुख्य अतिथि ने बच्चों के साथ संवाद करते हुए स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन के लिए पोषण, स्वच्छता और नियमित देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला।

रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे चंचल राठौर



आष्टा। 18 वर्ष की आयु में बल्लेबाज के रूप में मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलकर चर्चा में आए चंचल राठौर ने अपने प्रदर्शन की निरंतरता के बल पर मध्यप्रदेश रणजी ट्रॉफी की टीम में जगह बनाई है। यह पहला अवसर है जब जिले के किसी बल्लेबाज का रणजी टीम में चयन हुआ है। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने चंचल राठौर के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि चंचल ने न केवल आष्टा नगर का बल्कि सम्पूर्ण सीहोर जिले का बढ़ा कर हम सभी को गौरवान्वित किया है।

जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत का मामला, साइबर टीम कर रही जांच

मृतक विश्राम का मोबाइल अब भी बना हुआ है मिस्ट्री, मेवाड़ा समाज निकालेगा कैंडल मार्च

विश्राम मेवाड़ा आत्महत्या के मामले में पुलिस ने तेज की जांच, आरोपियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की तैयारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पार्वती थाना क्षेत्र के छापरी निवासी 30 वर्षीय विश्राम मेवाड़ा की जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मारपीट करने वाले आरोपियों पर कभी भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हो सकता है। वहीं मृतक का मोबाइल अब भी मिस्ट्री बना हुआ है, जिसे जांच के लिए साइबर टीम के पास भेजा गया है।

जैन पंचायत ने भी सौंपा ज्ञापन

गुरुवार को मेवाड़ा समाज के ज्ञापन के बाद शुक्रवार को दिगंबर जैन पंचायत समिति ने भी समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ एसडीओपी दामोदर गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

पार्वती पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम आष्टा एसडीओपी दामोदर गुप्ता और थाना प्रभारी हरिसिंह परमार किला स्थित जैन मंदिर पहुंचे, समिति के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज जब्त कर जांच में लिया।



क्या है पूरा मामला

मृतक के पिता मेहरबान सिंह ने 28 सितंबर को पार्वती थाने में आवेदन देकर बताया था कि विश्राम आष्टा के बुधवारा स्थित वस्त्रम वस्त्रालय में चार साल से काम करता था। 19 सितंबर को शाम 5 बजे वह दुकान से घर आया और जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एक सप्ताह बाद खुलासा हुआ कि 18 सितंबर को किला स्थित दिगंबर जैन मंदिर में महिलाओं के चोरी-छिपे वीडियो बनाने के शक में कुछ लोगों ने विश्राम के साथ मंदिर परिसर में मारपीट कर उसका मोबाइल छुड़ाकर अपमानित किया था। इसी के बाद विश्राम ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

मोबाइल में छिपा है राज

मंदिर समिति ने विश्राम पर वस्त्र बदल रही महिलाओं का मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगाया था। हालांकि घटना के समय मृतक के मोबाइल में कोई आपत्तिजनक वीडियो नहीं मिला था। आष्टा पुलिस को भी जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला था। लिहाजा 28 सितंबर को मंदिर समिति के कैलाश जैन से मोबाइल लेकर पार्वती पुलिस ने साइबर टीम को जांच के लिए भेजा है। साइबर जांच के बाद आत्महत्या के असली कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

सोमवार को आष्टा में कैंडल मार्च

मामले में ठोस कार्रवाई न होने से मेवाड़ा राजपूत समाज में आक्रोश है। आरोपियों पर FIR की मांग को लेकर समाज ने सोमवार को आष्टा में कैंडल मार्च का ऐलान किया है। युवा संगठन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मंडलोई ने वीडियो जारी कर समाजजनों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। मामले में थाना प्रभारी हरिसिंह परमार का कहना है कि विश्राम मेवाड़ा मामले में जांच चल रही है बयान लिए गए है। सीसीटीवी फुटेज भी लिए हैं मोबाइल को भी साइबर टीम को जांच के लिए भेजा है। जल्द ही आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

राजा हो या रंक मित्रता में सभी समानः पंडित अरविंद व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बस स्टैंड स्थित गीता मानस भवन में जारी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विराम दिवस श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। अंतिम दिवस भागवत भूषण पंडित अरविंद व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता, सुदामा चरित्र तथा राजा परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया।

कथा के दौरान पंडित अरविंद व्यास ने कहा कि जिसके पास प्रेम धन है, वह निर्धन नहीं हो सकता। राजा हो या रंक, मित्रता में सभी समान होते हैं। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा से मित्रता का धर्म निभाकर संसार को प्रेम, अपनत्व और सच्ची मित्रता का संदेश दिया। पंडित व्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण और



सुदामा की मित्रता यह संदेश देती है कि सच्चे रिश्ते धन-दौलत और पद से नहीं, बल्कि प्रेम और आत्मीयता से बनते हैं। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं राजा होने के बावजूद अपने निर्धन मित्र सुदामा के प्रति वही प्रेम रखते हैं, जो बाल्यकाल में था। उन्होंने कहा कि जीवन में धन-संपत्ति का महत्व हो सकता है, लेकिन प्रेम, विश्वास और आत्मीयता का कोई मूल्य नहीं लगाया जा सकता। सुदामा के पास भौतिक संपत्ति भले ही नहीं थी, लेकिन उनके पास भगवान श्रीकृष्ण जैसा मित्र और अटूट प्रेम का धन था। कथा के दौरान पंडित अरविंद व्यास ने शुकदेव जी के जन्म का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शुकदेव इस संसार में श्रीमद्भागवत का ज्ञान प्रदान करने के लिए ही प्रकट हुए थे। उनके जन्म से जुड़े प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि मान्यता के अनुसार शुकदेव जी लंबे समय तक माता के गर्भ में रहे और इसके बाद संसार में प्रकट हुए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को जीवन के वास्तविक उद्देश्य से परिचित कराता है। कथा श्रवण के माध्यम से राजा परीक्षित ने भगवान के स्वरूप, भक्ति और जीवन के परम सत्य को समझा और अंततः मोक्ष को प्राप्त हुए। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर यजमान केएन आचार्य, ईश्वर जोशी एवं देवेंद्र जोशी के परिवार ने बताया कि कथा के अंतिम दिवस भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता सहित परीक्षित मोक्ष एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया गया। मानस भवन में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ लिया। अंतिम दिवस भी श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे और कथा का श्रवण किया।

शासकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस इकाई द्वारा समाज को जागरूक करने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। 01 अक्टूबर को महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार सोलंकी द्वारा की गई। विशेष वक्ता नीतू परवाल के द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों से अपने करियर के प्रति सचेत रहने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सुमन भदौरिया द्वारा किया गया। एनएसएस प्रभारी



लखन सिंह अटेरिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इसके बाद नशा मुक्त अभियान पखवाड़ा के तहत गोद ग्राम ग्वाला में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई और नशे और टीवी मुक्त जागरूकता की शपथ दिलाई गई। ग्रामीण जनों को रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। 2 अक्टूबर को महाविद्यालय प्रांगण में महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में एनएसएस इकाई प्रभारी लखन सिंह अटेरिया एवं स्वयंसेवकों द्वारा महात्मा गांधी जी छायाचित्र के ऊपर माल्यार्पण करते हुए महात्मा गांधी के आदर्श और सत्य अहिंसा के रास्ते के ऊपर चलने का और महात्मा गांधी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नशे से मुक्ति के लिए जन जागरूकता रैली भी निकल गई। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे विशेष सहयोग पुलकित शर्मा का रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ के साथ स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ियों में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

परियोजना अंतर्गत सेक्टर डोडी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के प्रथम दिवस को बाल स्वास्थ एवं आनंदमयी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी के माध्यम से बच्चों एवं गर्भवती और धात्री माताओं और अन्य हितग्राहियों को



विभागीय सेवाएं और योजनाओं से जोड़ना रहा। आंगन मिलन सेवा के माध्यम से आंगनबाड़ियों को स्नेह पोषण और सहभागिता का केंद्र बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी रीना सिंह, सुपरवाइजर राजकिशोरी, कार्यकर्ता दीपिका सिसोदिया, लक्ष्मी गोस्वामी, सहायिका और अन्य हितग्राही उपस्थित रहे।

अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर व सहभोज आयोजित

'समरसता और सद्भावना से ही मजबूत होगा समाज'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

गांधी जयंती के अवसर पर आष्टा विकासखंड के ग्राम बेदाखेड़ी में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर एवं सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर सामाजिक समरसता, सद्भावना और समानता का संदेश दिया गया। विधायक ने कहा कि देश के विकास और सुख-शांति के लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों का आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता से समाज में एकता मजबूत होती है और सभी वर्गों को समान अवसर एवं सम्मान प्राप्त होता है। अस्पृश्यता जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नागरिकों के कल्याण के लिए अनेक



जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे, समानता और सद्भावना की भावना को मजबूत करते हुए सामाजिक समरसता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में धारा सिंह पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर,राधेश्याम दलपति, महेश कमोदिया, रुपेश पटेल, सुनील आर्य, देवजी पटेल, विजेंद्रसिंह ठाकुर, मनोज वैद्य, कैलाश पटेल, राजेंद्र केशव, नरेंद्रसिंह ठाकुर, विष्णु परमार, सुनील फरेला, जीवनसिंह पटेल, कुमेरसिंह,सरपंच बेदाखेड़ी देवकला बाई, जितेन्द्र, जनजाति कार्य विभाग के जिला समन्वयक अरविन्द कुशवाहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

सेवा संकल्प अभियानः सिविल अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर

45 दानदाताओं ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को आष्टा के सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा सजिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम मौजूद रही। सिविल अस्पताल पहुंचने पर विधायक का बीएमओ डॉ. अमित माथुर ने स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य विभाग व ब्लड बैंक की टीम से रक्त संग्रहण की प्रक्रिया और आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। शिविर में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने का आह्वान किया। सीहोर से आई ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त संग्रहण एवं अन्य आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाएं संभाली गईं।

इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने का माध्यम है। दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी अथवा ऑपरेशन के दौरान जब किसी मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है, तब रक्तदाता द्वारा किया गया रक्तदान अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होता है। उन्होंने कहा कि समाज के स्वस्थ नागरिकों को समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा और जनकल्याण की गतिविधियों को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। रक्तदान जैसे सेवा कार्य समाज में मानवीय संवेदना, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल,युवा मोर्चे के जिला अध्यक्ष महेंद्रसिंह ठाकुर धाम, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया,जावर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर, डोडी भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर सहित सभी पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता व स्वास्थ विभाग की पूरी टीम बीएमओ के नेतृत्व में उपस्थित रही। इसके अलावा सिविल अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम तथा सीहोर से आई ब्लड बैंक टीम ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने की इस मुहिम में अपना योगदान दिया। आयोजन के माध्यम से नागरिकों को यह संदेश भी दिया गया कि नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए एक महत्वपूर्ण मानवीय जिम्मेदारी है। रक्तदान शिविर में लगभग 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में आये सभी रक्तदाताओं के लिये ज्यूस,फल,विस्कीट आदि की व्यवस्थाएं की गई थी।

